राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1217

3 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

हुदहुद चक्रवात के कारण वाइजेग इस्पात संयंत्र को नुकसान

1217. श्री ईश्वरलाल शंकरलाल जैन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या समुद्री चक्रवात हुदहुद के कारण वाइजेग इस्पात संयंत्र को 1000 करोड़ रुपयों का नुकसान हुआ है, वहीं संयंत्र बंद-होने से रोज़ाना 40 करोड़ रुपए का भी नुकसान हो रहा है;

(ख) क्या उक्त इस्पात संयंत्र को नुकसान से उबारने तथा इसे यथाशीघ्र शुरू कराने के लिए सरकार द्वारा कोई कदम उठाये गए हैं और कोई विशेष आर्थिक पैकेज दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त इस्पात संयंत्र में हुदहुद चक्रवात के कारण कोई जान-माल का भी नुकसान हुआ है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क): जी, नहीं।

(क) और (ग) : विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र को विद्युत आपूर्ति की पुन:बहाली के लिए इस मामले को आंध्र प्रदेश सरकार के साथ उठाया गया था और दिनांक 16 अक्तूबर, 2014 को शुरूआती घंटों में इसकी पुन:बहाली की गई। इस्पात मंत्रालय द्वारा संयंत्र में इकाइयों के पुनरुद्धार की प्रगति की भली-भांति निगरानी की जा रही है। सभी इकाइयों को चरणबद्ध तरीके से परिचालन के अंतर्गत ला दिया गया है।

(घ) और (ड़): हुदहुद चक्रवात के कारण विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में कोई जन हानि नहीं हुई है। तथापि, भौतिक संपत्ति जैसे सुपर स्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिकल अधिष्ठापनों को कुछ नुकसान और उपस्करों को हल्के-फुल्के नुकसान के परिणामस्वरूप प्रचालन बंद हो गया था।

***